## खबर संक्षेप

### दमकल अमले की तत्परता से टली बड़ी अग्नि दुर्घटना

**कटनी**। नगर पालिक निगम के फायर अमले की त्वरित कार्रवाई, सूझबूझ एवं समन्वित प्रयासों के चलते थाना एनकेजे अंतर्गत परोहा मार्केट क्षेत्र में एक मकान में लगी आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई। सहायक फायर प्रभारी शैलेंद्र दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 06 जून 2026 को प्रातः 03:25 बजे परोहा मार्केट स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही नगर निगम के दुर्गा चौक जोन एवं सिविल लाइन जोन से दो फायर ब्रिगेड वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए।

घटनास्थल पर पहुंचकर फायर कर्मियों ने पूरी मुस्तैदी और पेशेवर क्षमता के साथ राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। दोनों फायर यूनिटों के समन्वित प्रयासों से आग को शीघ्र नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आग आसपास के भवनों तक नहीं फैल सकी और संभावित जन-धन हानि को रोका जा सका। नगर निगम के फायर अमले की सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप इस अग्नि दुर्घटना पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण स्थापित किया गया।

### शंभू टॉकीज रोड में गूंजेगा स्वच्छ कटनी का संदेश

**कटनी**। स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक शहर के निर्माण की दिशा में नगर पालिक निगम द्वारा रविवार 7 जून को प्रातः 7 बजे से वीर सावरकर वार्ड, स्थित शंभू टॉकीज रोड पर 'राहगीरी डे' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केवल मनोरंजन या फिटनेस गतिविधियों तक सीमित न होकर स्वच्छता जनजागरूकता का एक सशक्त मंच बनेगा, जहां नागरिकों को साफ-सुथरे सार्वजनिक स्थलों, प्लास्टिक मुक्त वातावरण और स्वच्छ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही एक सुंदर और स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है। राहगीरी डे के दौरान योग, व्यायाम, जुंबा, साइकिलिंग, स्केटिंग, हॉर्स राइडिंग एवं पारंपरिक खेलों जैसी गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनसहभागिता से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु जागरूक किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शहरवासियों से इस अभिनव पहल में परिवार सहित सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा है कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सामूहिक जागरूकता ही स्वच्छ एवं स्वस्थ कटनी के निर्माण का मजबूत आधार बनेगी।

### महाविद्यालय बहोरीबंद में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**स्लीमनाबाद**। वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब द्वारा सुश्री दिव्या तिवारी के मार्गदर्शन एवं मण्डल अध्यक्ष लोकेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे इको क्लब प्रभारी रवि शंकर मरावी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार जैन के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के परिसर में ₹एक पेड़ मां के अभियान₹ अंतर्गत महाविद्यालय स्टॉफ के सदस्यों, विद्यार्थियों एवं वन विभाग के सहयोग से आम आंवला, नींबू आदि के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने खनिज माफियाओं पर की कार्यवाई

# रेत के अवैध परिवहन पर 3 वाहन किये जब्त, माफियाओं में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नियमों को दरकिनार कर जिले में खनिजों का अवैध दोहन एवं परिवहन माफियाओं द्वारा किया जा रहा है। नदी घाटों में रैम्प बनाकर मशीनों के माध्यम से ट्रैक्टर ट्रालियों एवं हाईवा, डंपर वाहनों से रेत का परिवहन किया जा रहा है। कार्यवाही से बचने के लिये माफियाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से सेटिंग कर शार्ट कट मार्गों से परिवहन कर तगड़ी कमाई की जा रही है। लगातार मिल रही शिकायतों एवं अखबारों में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेते हुये कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग के अधिकारी सक्रिय हुये। विशेष जांच अभियान चलाकर कार्यवाही की गई।

खनिज विभाग द्वारा चलाए गए विशेष जांच अभियान में रेत का अवैध परिवहन करते हुए दो डंपर और एक हाइवा वाहन पकड़े गए। जांच में ई-ट्रांजिट पास (ईटीपी) में दर्ज मात्रा से अधिक खनिज परिवहन किए जाने की पुष्टि होने पर तीनों वाहनों को तत्काल जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।



### चलाया गया चेकिंग अभियान

उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार आकस्मिक निरीक्षण और सघन चेकिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीती रात विभिन्न मार्गों पर की गई जांच के दौरान संदिग्ध वाहनों को रोककर उनके ई-ट्रांजिट पास और वास्तविक खनिज भार का सत्यापन किया गया।

### इन वाहनों को किया गया जब्त

जांच में पाया गया कि वाहनों में लदी रेत की मात्रा और ईटीपी में दर्ज मात्रा के बीच गंभीर विसंगति है। निर्धारित सीमा से अधिक खनिज परिवहन किए जाने पर खनिज अमले ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए वाहनों में हाइवा क्रमांक सी जी-04- पी बी-6082 तथा डंपर क्रमांक एमपी-21-जी-0686 और एम पी-21-एच-0720 शामिल हैं। तीनों वाहन ग्राम जोहिला क्षेत्र से पकड़े गए, जिन्हें जब्त कर पुलिस थाना एनकेजे की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है।

### कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत होंगे प्रकरण

जब्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। सभी मामलों को अग्रिम सुनवाई एवं दंडात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।अवैध खनिज कारोबार पर 'जीरो टॉलरेंस' अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग तथा राजस्व को क्षति पहुंचाने वाली गतिविधियों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त और निरंतर कार्रवाई की जाएगी।



## आरपीएफ ने गश्त दौरान तीन किन्नरों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेलवे सुरक्षा बल ने मुख्य रेलवे स्टेशन पर गश्त के दौरान यात्रियों को परेशान कर रहे तीन किन्नरों को गिरफ्तर किया है। तीनों के खिलाफ रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिक कार्रवाई की गई है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त रखने के उद्देश्य से की गई।

आरपीएफ के उप निरीक्षक अरविंद सिंह और आरक्षक प्रवीण उपाध्याय मुख्य स्टेशन के कटनी छोर की ओर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान टीम ने देखा कि तीन किन्नर वहां मौजूद रेल यात्रियों से जबरन रुपयों की मांग कर रहे थे और उनके मना करने पर स्टेशन परिसर में अव्यवस्था फैला रहे थे।

आरपीएफ जवानों ने तीनों को हिरासत में लिया और आरपीएफ थाना लेकर आए। यह तीनों किन्नर एनकेजे क्षेत्र के पीछे निवासी बताए गए हैं। आरपीएफ थाने में रेल एक्ट के अंतर्गत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद सभी आरोपियों को न्यायालय की शर्तों से कड़ाई से अवगत कराते हुए बंधपत्र भरवाकर रिहा कर दिया गया है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, जबलपुर रेल मंडल से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों से जबरन 'बधाई' और अवैध वसूली करने वाला किन्नर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। हाल ही में ट्रेन क्रमांक 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस में भी किन्नरों द्वारा चलती ट्रेन में यात्रियों से जबरन रुपये मांगने और मना करने पर कड़ा विवाद करने का एक बड़ा मामला सामने आ चुका है।

आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को भयमुक्त सफर देने के लिए ट्रेनों और स्टेशनों पर लगातार ऐसा कड़ा चेकिंग अभियान जारी रहेगा

## विश्व साइकिल दिवस पर सन्डेज ऑन साइकिल की गतिविधियां आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में आज रविवार 7 जून को जिला, जनपद एवं ग्राम स्तर पर *₹संडेज ऑन साइकिल₹* अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, जिला समन्वयक नेहरू युवा केंद्र, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम एवं जन अभियान परिषद के जिला परियोजना समन्वयक को *सन्डेज ऑन साइकिल* अभियान के सफल एवं सुचारू आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने रविवार को विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित *संडेज ऑन साइकिल* अभियान में अधिक से अधिक संख्या में साइकिल चालकों को समीपी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।।

### साइकिलिंग क्यों है जरूरी

*संडेज ऑन साइकिल* युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक प्रमुख 'फिट इंडिया' आंदोलन है। इसका उद्देश्य नागरिकों को साइकिल चलाने के माध्यम से स्वस्थ,सक्रिय और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। 'संडे ऑन साइकिल' अभियान देश भर में लोगों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करता है।



## आंगनबाड़ी केन्द्र में रोपे गये पौधे

**स्लीमनाबाद**। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 का आगाज हुआ। शनिवार को भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र अमोच मै पौधेरोपण किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक संख्या मे पौधे रोपित करे। क्योंकि वर्तमान में बढ़ते प्रकृति दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उतपन्न हो रही है।जिससे वर्षा भी पर्याप्त नही हो पा रही है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी। पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान जिला प्रभारी आनंद जायसवाल,जिला सचिव नीतू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पुष्पलता, राजकुमारी, अभिषेक, राहुल सोमनाथ, सत्येंद्र, परशुराम ,सतेंद्र विकास, मिंटू,संतोष दुबे, सरपंच नरेश दहायत, सचिव प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

## खेलकूद शिविर का समापन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



ग्रामीण युवा केंद्र ढीमरखेड़ा द्वारा आयोजित एक माह के ग्रीष्मकालीन खेलकूद शिविर का समापन कार्यक्रम दशरमन में किया गया। यह शिविर 5 मई से 5 जून तक ग्राम पंचायत दशरमन एवं सिलौंड़ी में संचालित किया गया।जिसमें कुल 65 बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की। शिविर के दौरान खेल गतिविधियों के साथ-साथ 'आरोह-2026' कार्यक्रम के विभिन्न घटकों के अंतर्गत योग, प्राणायाम, मॉर्निंग रन, ग्रुप फिटनेस, व्यक्तित्व विकास, कम्युनिकेशन स्किल्स, नेतृत्व क्षमता एवं मोटिवेशनल सत्र आयोजित किए गए।इसके अलावा सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, रचनात्मक गतिविधियां, इनडोर एवं आउटडोर खेलों का प्रशिक्षण तथा बेसिक एवं एडवांस कोचिंग भी प्रदान की गई।शिविर में अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए फैमिली फिटनेस डे तथा सामुदायिक फिटनेस अभियान का आयोजन किया गया। वहीं साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति एवं मोबाइल एडिक्शन नियंत्रण जैसे विषयों पर जागरूकता गतिविधियां भी कराई गईं। शिविर के दौरान बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।समापन समारोह में हाईस्कूल की प्राचार्या रेखा नामदेव, अरविंद नागेश, रीता बागरी, इन्द्रेश बैरागी एवं ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

## 1.10 लाख की स्मैक जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली पुलिस ने 11.06 ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर पुरुष आरोपी और उसे नशा सप्लाई करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई स्मैक की कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये आंकी जा रही है। थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि बैलट घाट एवं खिरहनी फाटक क्षेत्र में स्मैक की अवैध बिक्री की जा रही है।

गश्त के दौरान बैलट घाट रेलवे मैदान में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। मुस्तैद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम लाला उर्फ



संतोष निषाद 56 वर्ष निवासी खिरहनी फाटक बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से हल्के सफेद-भूरे रंग का पाउडर मिला, जो जांच में स्मैक निकला। तौल करने पर मादक पदार्थ की मात्रा 11.06 ग्राम पाई गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी संतोष ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह तो सिर्फ एक जरिया है, उसे स्मैक बेचने के बदले कमीशन मिलता था। उसने कबूला कि उसे यह नशा खिरहनी फाटक की ही रहने वाली एक 48 वर्षीय महिला सप्लायर उपलब्ध कराती थी।

एजेंट के कबूलनामे और मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर महिला सप्लायर को भी गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि यह शातिर महिला सप्लायर पहले भी अवैध नशे के कारोबार में पकड़ी जा चुकी है और इसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 569/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) की धारा 8/21 एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 49 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इनके पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है कि यह खेप कटनी में कहां से लाई जा रही थी।

## कलेक्टर के निर्देश पर औषधि विभाग द्वारा की गई कार्यवाही

# 10 मेडिकल स्टोर्स को नोटिस जारी, उचित जवाब नहीं दिया तो लाइसेंस होंगे निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में औषधियों की बिक्री और भंडारण व्यवस्था को नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में औषधि प्रशासन विभाग ने मेडिकल स्टोर्स की जांच के बाद अनियमितता और कमियां पाये जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए जिले के 10 मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कलेक्टर के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया और इस औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन एवं अन्य



अनियमितताएं पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है।संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। ये मिलीं कमियां ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन ने बताया कि मेडिकल स्टोर्स की जांच में दवाओं की बिक्री केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की निगरानी में की जानी चाहिए थी, लेकिन कई स्टोर में वे नहीं मिले।उचित बिल या कैश मेमो ग्राहकों को देना आवशययक है, जो भी कई स्टोर में नहीं मिले।

अनुसूची एच, एच 1 एवं एक्स दवाओं की बिक्री केवल अधिकृत चिकित्सक के वैध प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जा सकता है तथा निर्धारित अभिलेख संधारित करना अनिवार्य है। लेकिन अभिलेख संधारित नहीं मिले।दवाओं की खरीद एवं बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड भी संधारित होना चाहिए था।

### इन मेडिकल स्टोर्स को जारी हुआ नोटिस

जिन मेडिकल स्टोर्स को जारी किए गए हैं उनमें साईं मेडिकल एंड जनरल स्टोर हरदुआ, नवीन मेडिकल स्टोर रीठी, अनिका मेडिकल एंड जनरल स्टोर देवगांव, संदीप मेडिकल स्टोर बहोरीबंद, प्रकाश मेडिकल, आदित्य मेडिकल बहोरीबंद, गौतम मेडिकल, गणेश मेडिकल, मोहित मेडिकल एंड जनरल स्टोर पिपरोंध तथा माहिर मेडिकल एंड जनरल स्टोर निवार पहाड़ी शामिल हैं।

औषधि प्रशासन विभाग द्वारा संबंधित संचालकों से निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण जैसी कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## महापौर ने कहा शहर के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है ननि

# सालों से जलभराव की समस्या होगी दूर, आवागमन भी होगा बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वेंकट वार्ड के विकास को नई गति देते हुए बहुप्रतीक्षित सी.सी. नाली निर्माण एवं कव्हरिंग कार्य का शुभारंभ किया गया। लगभग 30 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस निर्माण कार्य की आधारशिला महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रखी गई। लंबे समय से बेहतर जल निकासी व्यवस्था की अपेक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह पहल बड़ी राहत लेकर आई। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत न केवल वर्षा काल में जलभराव की समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र की



स्वच्छता, सुगम आवागमन एवं नागरिक सुविधाओं में भी सुधार देखने को मिलेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम विशेष रूप से नारी शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति से संपन्न हुआ। विकास कार्यों की आधारशिला वार्ड की महिलाओं के कर-कमलों से रखवाई गई, जिससे कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता एवं महिला सशक्तिकरण का संदेश भी परिलक्षित हुआ। इस अवसर पर नागरिकों ने महापौर एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा विकास कार्य के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की।

भूमिपूजन अंतर्गत नारायण केवट मंदिर से मालती वर्मन के मकान तक दोनों ओर 24.30 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य तथा 5.50 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण एवं कव्हरिंग कार्य कराया जाएगा। यह निर्माण कार्य क्षेत्र में वर्षा जल निकासी को व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि शहर का समग्र और संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती वीणा बैनर्जी ने कहा कि वेंकट वार्ड की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्य स्वीकृत कराए जा रहे हैं। लंबे समय से अपेक्षित इस नाली निर्माण एवं कव्हरिंग कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा जल निकासी संबंधी समस्याओं से राहत प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए आगे भी इसी प्रकार प्रयास जारी रहेंगे।

## शराब की अवैध बिक्री करने वाले 45 व्यक्तियों पर मामला पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन शिकंजा के जिले भर में एक साथ की गई कार्रवाई में पुलिस ने 45 शराब कारोबारियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 45 प्रकरण दर्ज करते हुए 126.84 लीटर अवैध शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 43 हजार रुपये बताई गई है।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं उनकी टीमों ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 45.84 लीटर अवैध अंग्रेजी, देशी प्लेन एवं मसाला शराब के साथ 81 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई।पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य जिले में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा इसमें संलिप्त तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

ऑपरेशन शिकंजा के माध्यम से पुलिस लगातार ऐसे कारोबारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर रही है।कटनी पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन या बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7587615946 पर सूचना दें।

## खबर संक्षेप

### मेधावी छात्र एवं अभिभावक सम्मान समारोह 10 जून को

**कटनी।** किड्स केयर ग्रुप ऑफ स्कूल तिलक कालेज रोड कटनी जिले के कक्षा 10वीं एंव कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा एम. पी बोर्ड /सी. बी. एस.सी बोड प्राईवेट स्कूल सरकारी स्कूल के जिन छात्र/ छात्राओ ने इस वर्ष परीक्षा में 75ः से बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण कि है उनका एंव उनके अभिभावको का सम्मान समारोह 10 जून 2026 को षाम 6 बजे किड्स केयर हा.से.स्कूल तिलक कालेज रोड के प्रांगण में होने जा रहा है । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएसपी श्रीमती नेहा पच्चीसिया, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजूषा गौतम के सनिध्य में सम्पन्न होगा। जिले के सभी नागरिको से अपील की है इस समारोह में उपस्थिति होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

### नाले में गिरी गाय हुई घायल, लोगों में रोष

**कटनी।** नदीपार क्षेत्र में नाले की खुदाई परेशानी का कारण बनती जा रही है। शनिवार को खुले पड़े नाले में गिरकर एक गाय घायल हो गई, जिसके बाद क्षेत्रवासियों में नाराजगी देखने को मिली। रहवासियों का कहना है कि नगर निगम ने नाले की खुदाई तो कर दी, लेकिन सुरक्षा के लिए न तो बैरिकेडिंग की गई और न ही किसी प्रकार के चेतावनी संकेत लगाए गए। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ मवेशियों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। बीती शाम एक साइकिल सवार सड़क पर गिर गया था। सौभाग्य से वह नाले में नहीं गिरा, अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुदाई के बाद मार्ग अव्यवस्थित हो गया है और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही खुले नालों के आसपास बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, ताकि दुर्घटना को रोका जा सके।

### पुलिस दीदी अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**कटनी।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की पहल पर संचालित ₹पुलिस दीदी₹ अभियान के अंतर्गत एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट, महिला अपराधों की रोकथाम तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर ने ऑनलाइन ठगी से बचाव, हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग तथा आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया।साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन एवं सहायता नंबर भी वितरित किए गए, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं तत्काल पुलिस से संपर्क कर सकें।पुलिस दीदी अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक, सशक्त एवं सुरक्षित बनाना है। महिलाओं ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया।

### असंगठित श्रमिकों के ई-केवाईसी 13 जून तक

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा समस्त वार्ड दरोगाओं एवं प्रभारी वार्ड दरोगाओं को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त (वित्त) शैलेश गुप्ता द्वारा जारी पत्र के अनुसार, श्रम विभाग एवं मध्य प्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल के निर्देशानुसार 13 जून 2026 तक सभी पात्र श्रमिकों की ई-केवाईसी सुनिश्चित की जानी है। निर्धारित अवधि के पश्चात जिन श्रमिकों की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगी, उनके पंजीयन को पोर्टल पर नियमानुसार निरस्त किया जा सकता है।

---

समय पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं देने पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

# लापरवाही पड़ गई महंगी, 5 सचिवों पर लगा 19 हजार रुपए का जुर्माना

**कलेक्टर ने जुर्माना लगाने और राशि वसूल कर आवेदकों को देने किया था निर्देशित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करना और तय समय-सीमा से बाह्य अवधि में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और विवाह पंजीयन संबंधी 11 आवेदनों का निराकरण करना 5 पंचायत सचिवों एवं उप रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को महंगा पड़ गया। कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त रुख के बाद इन सभी के विरुद्ध 19 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर ने सेवा में कमी मानते हुए इस जुर्माना को वसूल कर संबंधित आवेदकों को जुर्माना राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल पर कलेक्टर श्री तिवारी ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दी जा रही सेवाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान समय-सीमा बैठक में समय बाह्य होने के बाद आवेदकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रदान करने के मामले पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए संबंधित शासकीय कर्मचारियों के विरुद्ध जुर्माना अधिरोपित करने के सख्त निर्देश दिए थे। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि 5 पंचायत सचिवों द्वारा जन्म प्रमाण पत्र और विवाह पंजीयन जैसे लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाले आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर नहीं किया गया था।

इस संबंध में उन्हें पहले कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये ।लेकिन संबंधित सचिवों द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद जिला योजना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके ने लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 5 ग्राम पंचायत सचिवों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई।

#### इन सचिवों पर लगा जुर्माना

निर्धारित समय-सीमा के भीतर जन्म प्रमाण पत्र और विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन का निराकरण नहीं करने पर ग्राम पंचायत पोंनिया के सचिव हिम्मत सिंह पर दो आवेदनों के लिए कुल 3 हजार रूपये, ग्राम पंचायत नदवान की सचिव राजकुमारी चतुर्वेदी पर 1 आवेदन के लिए 5 हजार रुपये, ग्राम पंचायत छिहाइपिपरिया के सचिव दीपक कुमार गौतम पर 1 आवेदन के लिए 1 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बड़वारा के सचिव रंजीत सिंह चौहान पर 5 आवेदन के लिए कुल 7 हजार 500 रुपये और ग्राम पंचायत इमलाज के सचिव राजकुमार श्रीवास पर 2 आवेदन के लिए कुल 2 हजार 500 रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

#### वेतन से काटी जायेगी राशि

अधिरोपित शास्ति (जुर्माना) की राशि संबंधित पंचायत सचिवों के आगामी वेतन से काटकर सरकारी शीर्ष 0070 (60) (800) में जमा की जाएगी। साथ ही अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, आवेदकों को प्रतिकार (मुआवजा) का भुगतान किया जाएगा।

---



## जल व पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा बहोरीबंद के सेक्टर क्रमांक-3 बचैया अंतर्गत ग्राम निमास में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्था बड़खेरा जन चेतना समाजसेवी समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के समन्वय से जल स्त्रोत संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान झिन्न सिद्धन धाम परिसर स्थित बावड़ी के आसपास श्रमदान कर साफ-सफाई की गई तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।

#### भागीदारी के लिये किया प्रेरित

बैठक के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं को अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर परिसर में ध्यान एवं योग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवन एवं स्वच्छ पर्यावरण के महत्व को समझा।

#### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह, नवांकुर संस्था के सरजू श्रीवास, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के बद्री प्रसाद हल्दकार, रामभरोस बर्मन, नरेश दहायत सहित ग्राम के युवाओं एवं ग्रामीणजनों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

---

*कई बार शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार*

## पहरुआ में डेढ़ साल से बदहाल सड़क और फूटी पाइपलाइन से ग्रामीण त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

**जल संकट के बीच व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी**

गाँव के प्रबुद्ध नागरिकों ने रोष जताते हुए कहा कि जहाँ एक ओर लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान होते हैं, वहीं प्रशासनिक लापरवाही के चलते यहाँ डेढ़ साल से हजारों लीटर पीने का साफ पानी नालियों और सड़कों में बहकर बर्बाद हो रहा है। पाइपलाइन को दुरुस्त कराने के लिए पंचायत स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पहरुआ में विकास के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। पिछले लगभग डेढ़ साल से मुख्य सड़क पूरी तरह बदहाल स्थिति में है, जिससे ग्रामीणों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। रही-सही कसर पीएचई विभाग की फूटी पाइपलाइन ने पूरी कर दी है, जिससे चौबीसों घंटे कीमती पीने का पानी सड़कों पर बह रहा है और पूरी सड़क ने एक दलदल का रूप ले लिया है। इस पूरी अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

#### सरपंच, सचिव नहीं दे रहे ध्यान

स्थानीय निवासियों ने ग्राम पंचायत के सरपंच शारदा प्रसाद महोबिया और पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी इस समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है।

#### दलदल बन गई सड़क, लोग हादसे का शिकार

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत न होने और लगातार पानी बहने के कारण यहाँ गहरे गड्ढे बन चुके हैं। आए दिन बाइक सवार और बुजुर्ग इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्कूली बच्चों को घुटनों तक भरे गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे हमेशा किसी बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

#### सिर्फ मिलता है आश्वासन

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच शारदा प्रसाद महोबिया और सचिव को इस बदहाली से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। ऐसा लगता है जैसे पंचायत प्रशासन ग्रामीणों की इस बुनियादी समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन हो चुका है।

#### आक्रोशित ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सड़क की इस दुर्दशा और सरपंच-सचिव की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही फूटी पाइपलाइन को ठीक कर सड़क का सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे जिला प्रशासन और जनपद मुख्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत प्रशासन की होगी।

---

### ग्राम पंचायतों में सभाओं का आयोजन, किया पौधारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले की समस्त जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में पौधारोपण और ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों- कर्मचारियों की भागीदारी रही। पौधारोपण के जनपद स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत चाका के ग्राम लमतरा, विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत टीकर, ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सिमरिया और बड़वारा की ग्राम पंचायत पठरा में आयोजित हुए। जहां विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोप कर जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में शामिल होकर धरा को हरा भरा रखने की अपील की। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु हर व्यक्ति को एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल और सुरक्षा करने समाज में एक दूसरे के लिए प्रेरणा स्रोत बनने की आवश्यकता जताई। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित ग्राम सभाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों,महिलाओं, नागरिकों ने उत्साहित होकर अपने गांव को हरा भरा रखने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर पेड़ पौधों को लगाने और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास सहित निर्धारित एजेंडा के विषयों पर ग्राम सभाओं में चर्चा हुई।

---

## पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर से पर्यावरण जनजागरण रैली निकाली गई। रैली गोद ग्राम पौड़ी कला बी पहुंची, जहां स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर संवाद किया तथा जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित व्याख्यानमाला में डॉ. मनीषा व्यास ने मानव जीवन में पर्यावरण की भूमिका एवं उसका संरक्षण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं डॉ. हर्षित द्विवेदी ने आर्थिक जीवन पर पर्यावरणीय प्रभाव विषय पर विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने कहा कि मानव जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रकृति के संसाधनों का उपयोग किया जाता है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने का आह्वान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवकों का योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी, डॉ. श्वेता सिंह बघेल, युवराज तिवारी, जवाहरलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

*सड़क निर्माण से आवागमन होगा सुगम, नाली बनने से जलभराव की दूर होगी समस्या*

## रफी अहमद किदवई वार्ड में 32 लाख रूपये के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रफी अहमद किदवई वार्ड में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती खुशबू अनिरुद्ध सोनी सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लगभग 32.26 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा तथा नागरिकों को समस्याओं से राहत मिलेगी।

भूमिपूजन के अंतर्गत रफी अहमद किदवई वार्ड में विभिन्न स्थानों पर 32.26 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। यह कार्य क्षेत्र में वर्षा जल निकासी को बेहतर बनाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### लोगों को मिलेगी राहत : महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली, पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य के साथ लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती खुशबू अनिरुद्ध सोनी ने कहा कि लंबे समय से अपेक्षित इस नाली निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के अनेक परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी वार्ड के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

#### वार्ड भ्रमण कर किया संवाद

कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्रीमती सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने वार्ड की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से संवाद किया। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। महापौर ने स्थानीय रहवासियों को आश्वस्त किया कि वार्ड के सर्वांगीण विकास एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर निगम निरंतर कार्य करता रहेगा। वार्डवासियों ने विकास कार्य के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की।

---

**उद्यमिता से स्व सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़ने प्रशिक्षण सह कार्यशाला**

## लक्ष्य को हासिल करना या चुनौती से निपटना असंभव कुछ भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसीश्रृंखला में उद्यमों के पंजीकरण को बढ़ावा देने हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़ी स्व-सहायता समूह सदस्य महिलाओं को उद्यम पंजीयन से जोड़ना, उन्हें औपचारिक उद्यमी के रूप में स्थापित करना तथा आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में रास्ता आसान करना था। इसमें विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, योजना प्रमुख, विकासखंड प्रबंधक, सफल महिला उद्यमी, उद्यम सखियां एवं स्व-सहायता समूहों की सदस्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने महिला उद्यमियों से संवाद कर उनके द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप लोगों के लिए किसी भी लक्ष्य को हासिल करना या चुनौती से निपटना..न तो नामुमकिन है और न ही असंभव। आप हर क्षेत्र में स्वावलंबन की दिशा में सब कुछ कर सकती हैं। संवाद के दौरान एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत पत्थर की मूर्तियों के निर्माण एवं विक्रय कार्य से जुड़ी ललिता वर्मन ने रॉयल्टी संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। उन्हें जीएसटी पंजीयन प्राप्त करने एवं व्यवसाय को औपचारिक स्वरूप देने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड बड़वारा की ममता बाई ने राइस मिल संचालन के अनुभव साझा किए तथा सीता सोनी ने बड़े स्तर पर संचालित अपने सिलाई एवं गारमेंट निर्माण कार्य की जानकारी दी। उनके उद्यम की प्रगति को देखते हुए सुश्री कौर ने महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को श्रीमती सीता सोनी के उद्यम विस्तार हेतु गारमेंट क्लस्टर में भूमि आवंटन की संभावनाओं पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर 20 जून से 20 सितम्बर तक विशेष उद्यम (Udyam) पंजीयन शिविर आयोजित करने तथा उनके व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए। जिला परियोजना प्रबंधक अनुराग मोदी ने कहा कि उद्यम पंजीयन एवं सुव्यवस्थित व्यवसाय कार्ययोजना के माध्यम से समूहों को बैंक ऋण, बाजार उपलब्धता, सरकारी योजनाओं एवं अन्य संस्थागत सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त स्व-सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिशन द्वारा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा ताकि जिले का प्रत्येक समूह उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ सके। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ज्योति सिंह ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए महिलाओं को स्टार्टअप, नवाचार एवं स्वरोजगार आधारित उद्यमों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

## जिले के सभी थानों में बदमाशों को किया तलब, भराये 116 डोजियर फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं एएसपी संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आदतन अपराधियों एवं निगरानी बदमाशों के विरुद्ध विशेष प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।इसी क्रम में कटनी जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के आदतन अपराधियों, निगरानी बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों को संबंधित थानों में तलब किया गया। थाना प्रभारियों द्वारा उनके डोजियर भरवाए गए तथा उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, झगड़ा, मारपीट, अवैध कार्य अथवा शांति व्यवस्था भंग करने वाले कृत्यों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई।पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि आगामी त्योहारों एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

#### कहां कितने फार्म भरे

जिले के विभिन्न थानों में कुल 116 डोजियर फॉर्म भरवाए गए, जिनमें कोतवाली थाना क्षेत्र में 11, एनकेजे में 10, स्लीमनाबाद में 04, बहोरीबंद में 05, बाकल में 10, बरही में 12, उमरियापान में 05, कैमोर में 10, विजयराघवगढ़ में 09, बड़वारा में 02, कुठला में 10, रंगनाथ नगर में 08, माधवनगर में 07, ढीमरखेड़ा में 09 तथा रीठी थाना क्षेत्र में 08 डोजियर फॉर्म भरवाए गए।

## खबर संक्षेप

### भगवान की लीलाएं देखने की नहीं, समझकर जीवन में उतारने की हैं

**बनवार।** ग्राम बम्होरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर भक्ति, ज्ञान और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां हर कोई भक्ति रस में डूबकर भगवान की लीलाओं का श्रवण करता नजर आया।
कथाचार्य पंडित आशीष कृष्णचरणानुरागी गुरु महाराज ने अपने प्रभावशाली प्रवचन में कहा कि "भगवान की लीलाएं केवल देखने या सुनने के लिए नहीं होतीं, बल्कि उन्हें समझकर अपने जीवन में उतारना ही सच्ची भक्ति है।"
उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य भगवान की शिक्षाओं को अपने आचरण में नहीं अपनाता, तब तक कथा श्रवण अधूरा रहता है।
पंचम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का अत्यंत भावपूर्ण और जीवंत वर्णन किया गया। कथाचार्य ने बताया कि किस प्रकार अत्याचारी कंस के अत्याचारों से पृथ्वी व्याकुल हो उठी थी और तब भगवान ने मथुरा की कारागार में देवकी और वासुदेव के घर जन्म लिया। इस प्रसंग का वर्णन सुनते ही पूरा पंडाल भक्ति में सराबोर हो गया।

संयुक्त परिवार का अनाज, गृहस्थी का सामान और जरूरी सामग्री राख; प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, रनेह में लोधी परिवार का आशियाना जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



रनेह के वार्ड क्रमांक-1 में शुक्रवार रात को बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने एक गरीब संयुक्त परिवार की वर्षों की जमा-पूंजी पलभर में राख कर दी। आग की इस घटना में झल्लू सिंह लोधी के पैतृक मकान,में रखा घरेलू सामान, कपड़े, बर्तन, अनाज तथा अन्य जरूरी सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हो गया है। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक-1 स्थित लोधी परिवार के घर में अचानक बिजली की डोरी में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि परिवार के सदस्य सामान सुरक्षित नहीं निकाल सके और घर में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया।

**ग्रामीणों और पुलिस आरक्षक की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

घटना की सूचना मिलते ही गृहस्वामी झल्लू सिंह लोधी ने आसपास के लोगों और स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस विभाग के आरक्षक श्री राम प्रजापति तत्काल मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।
फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों, वार्डवासियों, मित्रों तथा आरक्षक श्री राम प्रजापति ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सभी के सामूहिक प्रयासों से आग को आसपास के मकानों तक फैलने से रोक लिया गया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो वार्ड के अन्य घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे और नुकसान कहीं अधिक बड़ा हो सकता था।

**सालभर का अनाज और गृहस्थी का सामान हुआ नष्ट**

पीड़ित परिवार के अनुसार घर में रखा सालभर के उपयोग का अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर तथा अन्य घरेलू सामग्री आग में पूरी तरह नष्ट हो गई। संयुक्त परिवार होने के कारण नुकसान का दायरा काफी बड़ा है। आग के बाद परिवार के सामने रहने और भोजन जैसी मूलभूत जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।

**प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग**

घटना के बाद ग्रामीणों, वार्डवासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का सर्वे करे तथा परिवार को शीघ्र राहत राशि, उचित मुआवजा और अस्थायी आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि परिवार की आर्थिक स्थिति और संयुक्त परिवार की जिम्मेदारियों को देखते हुए विशेष सहायता प्रदान की जाए, ताकि पीड़ित परिवार इस संकट से उबर सके।

## सिंहस्थ के आयोजन हेतु विशेष प्रशिक्षण का प्रथम बैच सम्पन्न



**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि के मार्गदर्शन में सिंहस्थ-2028 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम दमोह में आयोजित 06 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का सफलतापूर्वक समापन किया गया। सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, कानून-व्यवस्था संधारण एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थानों एवं पुलिस इकाइयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिंहस्थ मेले की कार्यप्रणाली, भीड़ नियंत्रण तकनीक, आपदा प्रबंधन, वीआईपी सुरक्षा, यातायात संचालन, संचार व्यवस्था, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, सॉफ्ट स्किल,खोया-पाया प्रबंधन, श्रद्धालुओं को सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में अनुभवी अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी पुलिसिंग, समन्वय एवं त्वरित निर्णय क्षमता विकसित करने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान के संबंध में भी विस्तार से जानकारी साझा की गई। प्रथम बैच के सफल समापन के साथ ही आगामी बैचों का प्रशिक्षण भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा, जिससे जिले का पुलिस बल सिंहस्थ-2028 के लिए पूर्ण रूप से तैयार एवं प्रशिक्षित हो सके।

## जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का आरोप

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भाट खमरिया के ग्राम वासियों ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के नेतृत्व में जनपद पंचायत जबेरा पहुंचकर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम भाट खमरिया में जल जीवन मिशन के द्वारा नियुक्त किए गए ऑपरेटर ओमकार यादव के द्वारा भारी लापरवाही एवं व्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है ।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओमकार यादव एवं उसके साथी सहायक द्वारा लगभग 50000 (पचास हजार रुपए) की वसूली ग्राम भाट खमरिया के ग्राम वासियों से की गई है ग्राम के प्रत्येक परिवार से एक-एक हजार (1000) रुपए तक वसूल किए गए हैं लेकिन उसे राशि का आज दिनांक तक कोई पता नहीं है क्योंकि जल जीवन मिशन के पास ग्राम भाट खमरिया से आज दिनांक तक 1 रू भी जमा नहीं किया गया है वह राशि कहां गई है किसी को भी कोई जानकारी नहीं है। उस राशि की जानकारी ना तो ओमकार यादव दे रहा है । ना ही वह राशि जल जीवन मिशन के पास अभी तक पहुंची। एवं ग्राम वासियों के द्वारा बताया गया कि ओमकार यादव द्वारा के द्वारा अवैध शराब का कारोबार भी किया जाता है टंकी के पास रूम में शराब खोरी की जाती है , प्रतिदिन पार्टी की जाती है (दारू मुर्गा की) पार्टी होती है । ग्राम वासियों ने जल जीवन के जिलाधिकारी से निवेदन है कि यहां से ऑपरेटर को तुरंत हटाकर व्यवस्था में सुधार किया जाए और अगर राशि का गवन हुआ है तो तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए।

## आरक्षक ने जरूरतमंद युवती को किया रक्तदान

**जबेरा।** विगत दिवस सोशल मीडिया पर एक अपील की गई थी जिसमें जिला अस्पताल में भर्ती 23 वर्षीय पूजा नामक युवती को ओ पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यकता थीं यह खबर सोशल मीडिया पर प्रकाशित होते ही अपील की गई। सूचना मिलते ही थाना नोहटा में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रवीण सेन तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में मदद की। परिजनों ने बताया कि अचानक ब्लड की जरूरत पड़ने पर वे परेशान हो गए थे। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी शेयर की गई, जिसके बाद प्रधान आरक्षक प्रवीण सेन आगे आए.रक्तदान के बाद मरीज के परिजनों ने प्रधान आरक्षक का आभार जताया. अस्पताल प्रबंधन ने भी प्रवीण सेन की इस पहल की सराहना की.यह घटना बताती है कि सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग और पुलिस की संवेदनशीलता कैसे किसी जरूरतमंद की जान बचा सकती है।

## चाकूबाजी में घायल की हालत स्थिर

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार दोपहर लगभग 2:15 बजे नगर के पुलिस थाने के समीप जामुनखेड़ा मार्ग पर हुई चाकूबाजी की घटना में घायल हुए शानू खान का जबलपुर के एक निजी अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया है। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल शानू खान को तत्काल तेंदूखेड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर रेफर कर दिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात्रि में चिकित्सकों की टीम ने शानू खान का ऑपरेशन किया। वर्तमान में उसे अस्पताल के आईसीयू में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार शानू की हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है तथा वह परिजनों एवं परिचितों से बातचीत भी कर रहा है। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि एहतियात के तौर पर अगले 72 घंटे तक उसे विशेष निगरानी में रखा जाएगा। इस दौरान उसकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। चिकित्सकों ने बताया कि ऑपरेशन सफल रहा है, लेकिन पूर्ण रूप से खतरे से बाहर होने की पुष्टि निगरानी अवधि पूरी होने के बाद ही की जा सकेगी।

## वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



सर्व आदिवासी समाज द्वारा आगामी 24 जून को आयोजित किए जाने वाले महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान हरीराम पूर्व जिला सदस्य खड़क सिंह शिक्षक पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री भानु माल गुजार श्री शिवलाल धुर्वे जबेरा सरपंच श्री पंचम सरपंच खमरिया आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष डॉक्टर प्रताप सिंह तेकाम जी जनपद सदस्य भाई अजय सिंह जी दादा कोठारी सिंह (पूर्व सरपंच, देवरी), श्री अमर सिंह, श्री जगदीश सिंह तथा जयसिंह कड़ोपा, गोंड समाज महासभा ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा, ने समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती खेल मैदान, सिंग्रामपुर में सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में जिला स्तरीय बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले भर से समाज के गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। ब्लॉक अध्यक्ष जयसिंह कड़ोपा ने कहा कि महारानी रानी दुर्गावती का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका बलिदान आदिवासी समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे महान व्यक्तित्व के बलिदान दिवस को गरिमामय ढंग से मनाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित समाजजनों से अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक गांव और समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बलिदान दिवस कार्यक्रम के माध्यम से नई पीढ़ी को महारानी रानी दुर्गावती के संघर्ष, शौर्य और त्याग से परिचित कराया जाएगा, जिससे युवाओं में समाज, संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। अंत में समाज के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवा साथियों, माताओं-बहनों एवं आम नागरिकों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित करते हुए अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया।

## आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय गोशाला में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय गोशाला परिसर में प्रकृति संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज एवं बंटी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गोशाला परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सी.जी. गोस्वामी, तहसीलदार विवेक व्यास एवं वन विभाग के रेंजर श्रेयांश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता एवं जलवायु संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव दिनेश प्यासी शोभाराम नामदेव गजराज यादव तथा गोशाला अध्यक्ष संजय जैन पारसमणी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। पौधारोपण अभियान ने पर्यावरण जागरूकता के साथ-साथ समाज में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ किया।

## खबर का असर: एमपीआरडीसी ने हटवाया जर्जर स्वागत द्वार



**तेंदूखेड़ा।** नगर के तेंदूखेड़ा-पाटन जबलपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के सामने लगा जर्जर और खतरनाक स्वागत प्रवेश द्वार आखिरकार शनिवार को हटा दिया गया है दैनिक हरिभूमि ने ₹इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद संबंधित विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की। एमपीआरडीसी द्वारा क्षतिग्रस्त स्वागत द्वार को निकलवाकर संभावित दुर्घटना की आशंका को समाप्त किया गया। गौरतलब है कि नगर परिषद द्वारा लगभग 10 वर्ष पूर्व नगर की सुंदरता बढ़ाने तथा बाहर से आने वाले यात्रियों के स्वागत के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर भव्य स्वागत द्वार स्थापित किए गए थे। इनमें जबलपुर मार्ग, दमोह मार्ग, तारादेही मार्ग तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रवेश द्वार बनाए गए थे। इनका उद्देश्य नगर की पहचान को मजबूत करना और यात्रियों को आवश्यक दिशा एवं दूरी संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना था। समय के साथ रखरखाव के अभाव में अधिकांश स्वागत द्वार जर्जर हो गए। जबलपुर मार्ग पर स्थित प्रवेश द्वार की स्थिति सबसे अधिक खराब हो चुकी थी। लोहे के खंभों में जंग लगने, भारी वाहनों की टक्कर से सूचना बोर्ड क्षतिग्रस्त होने तथा संरचना के झुक जाने के कारण यह किसी भी समय गिर सकता था। प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन और राहगीर इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने कई बार चिंता व्यक्त की थी। नागरिकों का कहना था कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस विषय को समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग हरकत में आया। एमपीआरडीसी द्वारा स्वागत द्वार को सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। नागरिकों ने दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र एवं संबंधित विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से एक संभावित दुर्घटना टल गई। लोगों ने नगर के अन्य जर्जर स्वागत द्वारों एवं सार्वजनिक संरचनाओं की भी शीघ्र जांच कर आवश्यक मरम्मत अथवा हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। हालांकि जहां लोहे के दोनो तरफ पिलर लगे थे वहां निकाले जाने के बाद गड्ढा हो गया है जिसे एमपीआरडीसी कर्मचारियों द्वारा रविवार को सही करने की बात की गई है।

## जबेरा में हुई मुनि श्री की मंगल अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

नगर में आचार्य श्री विद्यासागर एवं आचार्य श्री समय सागर महराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रबुद्ध सागर महाराज का मंगल आगमन हुआ। उनके आगमन पर सकल दिगंबर जैन समाज एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया। मुनि श्री की आगवानी के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर सीमा पर एकत्रित हुए। गाजे-बाजे एवं जयघोष के साथ शोभायात्रा के साथ उन्हें नगर प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मार्गों एवं घरों के बाहर आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं।

श्रद्धालुओं ने जगह-जगह मुनि श्री की आरती उतारकर एवं पाद प्रक्षालन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मंगल प्रवेश के पश्चात मुनि श्री, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन किए। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा आचार्य समयसागर पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुनि श्री प्रबुद्ध सागर महाराज के मंगलमय प्रवचन संपन्न हुए, जिनमें उन्होंने धर्म, संयम, आत्मकल्याण एवं आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके प्रेरणादायी उद्बोधन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रवचन के उपरांत मुनि श्री की विधिपूर्वक आहारचर्या संपन्न हुई।

मुनि श्री के नगर आगमन एवं शोभायात्रा के दौरान कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

जैन समाज के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने मुनि श्री के आगमन को जबेरा नगर के लिए सौभाग्य एवं आध्यात्मिक प्रेरणा का अवसर बताया।

## बबलीगढ़ धाम में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**सगोनी।** ग्राम मोहास कुम्हारी बबलीगढ़ धाम हनुमान मंदिर में 2 जून से 9 जून तक चल रही भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जिसमें कथा वाचक पं. श्री विष्णुकांत महराज (मझगुवां हंसराज) वालो के मुखरविंद से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से लेकर बाल लीलाओं के बारे में बताया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ी। भागवत कथा शाम 4 बजे से हरिइच्छा तक आयोजन चलता है व 9 जून को हवन पूजन भंडारा का आयोजन होगा।

## लोकमंगल की चेतना में छिपा धर्म ही महाविष्णु : श्री भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




अति विष्णु मनोकामना यज्ञ के अंतर्गत आयोजित श्रीविष्णु महापुराण कथा के छठे दिवस श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए यज्ञकर्ता श्री भगवान वेदांताचार्य ने कहा कि भगवान विष्णु का स्वरूप केवल देवत्व का प्रतीक नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के संतुलन, संरक्षण और समन्वय का सनातन सिद्धांत है। जब समाज विचारों की विभाजक रेखाओं में उलझने लगता है, तब विष्णु तत्त्व समरसता और एकात्मता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि विष्णु का प्रत्येक अवतार धर्म की पुनर्स्थापना के साथ-साथ मानवता को जीवन का व्यावहारिक दर्शन भी प्रदान करता है। मत्स्य से लेकर कृष्ण और राम तक समस्त अवतार यह उद्घोष करते हैं कि धर्म केवल उपासना का विषय नहीं, बल्कि लोककल्याण का सक्रिय संकल्प है। भगवान विष्णु का जीवन संदेश यह है कि शक्ति का उद्देश्य संरक्षण हो, ज्ञान का उद्देश्य मार्गदर्शन हो और समृद्धि का उद्देश्य समाज का उत्थान हो। कथाव्यास ने कहा कि भगवान राम के चरित्र में सत्य और मर्यादा का अद्वितीय संगम दिखाई देता है, जबकि भगवान कृष्ण के व्यक्तित्व में नीति, करुणा और कर्मयोग का अद्भुत विस्तार मिलता है। दोनों स्वरूप यह बताते हैं कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी जटिल क्यों न हों, धर्म का पथ अंततः लोकमंगल की ओर ही ले जाता है। उन्होंने नृसिंह, वामन तथा गजेन्द्रमोक्ष के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान का संरक्षण सदैव भक्त के साथ रहता है। जब-जब अहंकार बढ़ता है, तब-तब विष्णु तत्त्व संतुलन स्थापित करने के लिए प्रकट होता है। उनका न्याय दंड का पर्याय नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा का माध्यम है। वेदांताचार्य श्री भगवान ने कहा जीवन में वैभव और विवेक के संतुलन का संदेश ही संतुलन है। धन तभी मंगलकारी बनता है जब वह धर्म और सेवा से जुड़ा हो। इसी प्रकार ज्ञान तभी सार्थक है जब उसमें करुणा और विनम्रता का समावेश हो। क्षीरसागर में शेषशायी भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन की असंख्य परिस्थितियों के मध्य आंतरिक स्थिरता बनाए रखना ही विष्णु चेतना का वास्तविक स्वरूप है। संसार में परिवर्तन अनिवार्य है, किंतु जो व्यक्ति धर्म, प्रेम और विश्वास में स्थित रहता है, वही जीवन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है। यज्ञ आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य अति विष्णु मनोकामना यज्ञ एवं श्रीविष्णु महापुराण कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा, विद्वतजन एवं जनप्रतिनिधि सहभागिता कर रहे हैं। वैदिक मंत्रों की दिव्य ध्वनि, यज्ञाग्नि की पावन आहुति तथा पुराण कथा की अमृतवर्षा से सम्पूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित हो रहा है। कथा के छठे दिवस भगवान विष्णु के समन्वयकारी स्वरूप एवं लोकमंगलकारी संदेश पर विशेष प्रकाश डाला गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान की जिससे सामाजिक एकता का सीमांकन हुआ।

**खास बातें**

## झलौन से 26 वर्षीय युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

तेंदूखेड़ा/झलौन। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम झलौन निवासी 26 वर्षीय युवक रूपेश जैन रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गया है। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय नागरिकों में चिंता का माहौल बना हुआ है। परिजनों द्वारा तेंदूखेड़ा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है तथा पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक एक पत्र भी मिला है



प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपेश जैन पिता हुकुमचंद जैन, निवासी झलौन, बीती रात अपने घर के समीप स्थित पुरानी बाजार प्रांगण में अपने कुछ मित्रों के साथ बैठा हुआ था। बताया जाता है कि वह रात लगभग 12 बजे तक वहां मौजूद था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। वह अरहम पेट्रोल पंप में मैनेजर के पद पर कार्यरत था तथा एसबीआई कैश बैंक संचालन से भी जुड़ा हुआ था। सूत्रों के अनुसार युवक द्वारा सोशल मीडिया ग्रुप में लगभग 300 शब्दों का एक पत्र भी साझा किया गया है, जिसकी जानकारी मिलने के बाद मामले को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि पत्र की सत्यता एवं उसके संदर्भ की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।लापता युवक का रंग गेहुआं, लंबाई लगभग 5 फीट 6 इंच तथा उम्र लगभग 25-26 वर्ष बताई गई है। घटना के समय वह शर्ट एवं लोवर पहने हुए था। नगर निरीक्षक रवेद्र बागरी ने बताया कि गुम इंसान दर्ज है पुलिस की टीम जांच करने झलौन गई है।

### जो भी पात्र हैं, चिंता ना करें आपकी समस्या का हल किया जाएगा-कलेक्टर

# कलेक्टर डीएफओ के साथ पहुंचे रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र, रहवासियों की समस्याएं सुनी

### 10 जून बुधवार को शिविर ग्राम उन्हारी खेड़ा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव प्रातः 6 बजे जिला मुख्यालय से सीधे वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र के गांव जहां विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है यथा ग्राम दुधिया रैयत, सिंहपुरी उन्हारी खेड़ा पहुंचे ग्राम वासियों से रूबरू हुए उनकी समस्याएं सुनी और कहां आप लोग चिंता ना करें आपकी समस्या का हल किया जाएगा। उन्होंने कहा आपकी समस्याओं के समाधान के लिए डीएफओ साहब वन और राजस्व विभाग के अधिकारी सब यहां पर आए हुए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने ग्रामवासियों से कहा जो भी पात्र हैं, लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा ग्राम उन्हारी खेड़ा में राजस्व और वन विभाग की टीम बुधवार के दिन आएगी शिविर आयोजित कर सभी की बातें व समस्याएं सुनी जाएंगीं और उनका निराकरण किया जाएगा। आप सभी लोग शिविर में पहुंचे आपकी समस्याओं का निराकरण संबंधित टीम द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर श्री यादव ने इन ग्रामों में पहुंचने पर ग्रामवासियों में उत्साह नजर आ रहा था, साथ में वनमंडलाधिकारी नौरादेही भी थे, ग्रामवासी उनसे पूर्व में मिल चुके थे, दोनों के पहुंचने पर ग्रामवासी कह रहे थे कि अब निश्चित हमारे काम आसान हो जाएंगे। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों से कहा यहां के जो निवासी हैं इनके प्रकरणों का निराकरण 2 माह के भीतर कर दिया जाए, ग्रामीण जनों ने बताया कई बेटियों के विवाह अभी तक नहीं हो पाए हैं, उनकी उम्र भी काफी हो रही है, इन लोगों को इस बात की आशंका है कि उनका विवाह हो जाने से उन्हें मुआवजा नहीं मिल पाएगा इसलिए सारी प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। इन ग्राम वासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए तीन दिवस बाद बुधवार 10 जून के दिन शिविर लगाया जाएगा ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण हो जाये। नौरादेही क्षेत्र के इन गांवों के भ्रमण के दौरान गांवों के बुजुर्ग-युवा, महिलाएं सभी बड़े उत्साह से कलेक्टर से मिले और अपनी-अपनी बातें व समस्या बताई। कलेक्टर श्री यादव ने सभी की बातों को गौर से सुना और कहा चिंता न करें सभी पात्र व्यक्तियों को लाभांवित सुनिश्चित किया जायेगा।

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के वनमंडलाधिकारी रजनीश कुमार सिंह ने कहा रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जो दमोह जिले के गांव हैं उनमें विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है और यहां लोगों की जो समस्याएं थी कुछ बाजिव मांगे थी। विगत 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री जी जब यहां प्रवास पर आए थे उन्होंने निर्देशित किया था विस्थापन से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उनका हल किया जाए। उसी तारतम्य में कलेक्टर साहब भी यहॉ आये हैं, जोकि शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कलेक्टर साहब ने ग्रामीणों से चर्चा कर दो महीने के अंदर सभी समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 93 गांव आते हैं जो की तीन जिले में बंटे हुए हैं, 24 गांव दमोह जिले में आते हैं, जिनमें से कुछ गांव का विस्थापन प्रक्रिया में है और कुछ का पूर्ण हो चुका है। ग्रामीण इमरत लाल कहते हैं हमारे बीच कलेक्टर साहब आए यह हमें बहुत अच्छा लगा। कोई कलेक्टर साहब हमारे गांव में कभी नहीं आए यहां गरीबों को सुना जा रहा है इससे हम लोगों को बहुत अच्छा लग रहा है। कलेक्टर हो तो यादव जी जैसे हो...सभी ग्रामीण कलेक्टर के जयकारे लगा रहे थे। रिटायर्ड आर्मी के जगभान पाराशर ने कहा 2003 में, मैं आर्मी से रिटायरमेंट होकर यहां आया था तभी से मैं यहां निवासरत हूं, एक पंचवर्षीय कार्यकाल सरपंच भी रहा, जनपद सदस्य भी रहा । आज कलेक्टर साहब हमारे बीच आए हम लोगों की समस्याएं सुनी और हम लोगों को प्रसन्नता है कि कलेक्टर साहब ने हमारी समस्याओं का निराकरण और विस्थापन का आश्वासन दिया है, जिससे सबकी परेशानियां दूर हो जाएगी। कलेक्टर साहब और डीएफओ साहब को अपने बीच पाकार और उनकी बात सुनकर हम पूरे ग्रामवासी अति प्रसन्न है।

इस अवसर पर एसडीएम तेन्दूखेड़ा छोटेगिरी गोस्वामी, एसडीओ वन बीपी तिवारी फारेस्ट विलेज रहली, तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर शिल्पी, रेंज आफीसर झापन नीतेश डेहरिया सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## पशुपालन राज्यमंत्री ने सूखा में सामुदायिक भवन एवं सीसी सड़क का किया भूमिपूजन



**दमोह।** सड़क का भूमिपूजन हुआ बरसात के पूर्व सड़क का लेवल हो जाये, किसानों की मांग पर खजरी सड़क बनाई जायेगी स्वीकृत हो गई है। विकास सबके लिये आवश्यक है। सभी क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटैल ने ग्राम सूखा में सामुदायिक भवन एवं सीसी सड़क का भूमिपूजन उपरांत आयोजित गरिमामय समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण भी किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र व्यास भी मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा क्षेत्र के विकास के काफी काम हो गये हैं, सड़क, स्कूल के काम हो गया है और जो भी काम आवश्यक होगा कराया जायेगा । कुटीर के बारे में कहा चिंता न करें 244 घर बन चुके हैं। 436 आवास प्लस नाम जोड़ें गये हैं। सभी के आवास क्रमशः 3 साल में मिल जायेंगे। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि पथरिया विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पहले से चार डैम बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनसे किसानों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है, उन्होने कहा कुछ दिन पूर्व ही 122 करोड़ रुपये की लागत से एक नए बैराज निर्माण का भूमि पूजन किया गया था। इसके अतिरिक्त साजिली, जूड़ी, पंचमनगर और सीतानगर में डैम निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लगभग 42 से 43 गांवों की करीब 20 हजार हेक्टेयर असिंचित भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से पांचवें डेम 'ढुनय धाम' को स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इसकी घोषणा पूर्व में ही की जा चुकी है तथा परियोजना का विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। राज्यमंत्री ने कहा आगामी ठंड के बाद इस परियोजना का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। उन्होंने कहा अगले दो से तीन वर्षों में क्षेत्र का कोई भी गांव ऐसा नहीं बचेगा जहां खेतों तक पानी न पहुंचे या सिंचाई की सुविधा उपलब्ध न हो। उन्होने कहा कि 100 प्रतिशत सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने वाली मध्यप्रदेश की पहली विधानसभा पथरिया बन सकती है।

## भाजपा बिगाड़ रही महिलाओं के किचिन का बजट- संगीता कांकियार



**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस महिला सेवादल अध्यक्ष ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जिला महिला सेवादल की जिला स्तरीय बैठक में संगठन सृजन अभियान पर विस्तार से चर्चा की एवं पत्रंकारों से भी मुखातिब हुई प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमति संगीता कांकियार ने कहा कि हम महिलाये कार चलाती है प्रदेश की मोहन सरकार ने लाड़ली बहनो को 1500 रूपये दे दिये उसके बाद दूध, गैस सिलेन्डर, पेट्रोल, डीजल, मसालो पर इतनी महगाई कर दी हमारे किचन का बजट ही विगढ़ गया। प्रदेश उपाध्यक्ष हेम कुमार कुर्मी प्रदेश की हो अथवा केन्द्र की भाजपा सरकारे किसी भी घटना दुर्घटना पर उनके मंत्री इस्तीफे तक नहीं देना चाहते। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानक पटैल नरे कहा कि हमारे जिले का संगठन मजबूत है और वार्डो एवं पंचायत स्तर पर भाजपा की कथनी करनी को देख महिलाये स्वयं हमारे संगठन से जुड़ रही है। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, जिला सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, रजनी ठाकुर, नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बबलु भटट, शमीम कुरैशी, प्रदीप पटैल, कमला निषाद, बसंत कुशवाहा ने भी कहा कि हम कांग्रेसजन जिले की समस्याओं को समय समय पर उठाते और उठाते रहेगे किन्तु शासन प्रशासन हमारे नौजवानों पर झूठे मुकदमे लड़ रही है। जो निंदनीय है दमोह जिले में फर्जी डाक्टर पकडे गये जो आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खेल रहे थे इसी नगर में ही ऐसे फर्जी नर्सिंग होम जो रूपये की खातिर कुछ भी कर रहे है। इस अवसर पर डी.पी. पटेल, लीला रमेश राठौर, डिम्पल सेन, मुकेश रोहितास, अमित बुधौल्या, मिक्की चंदेल, हेमराज आशीष शर्मा, खिलान ठाकुर, शंभु राय, दुर्गेश नामदेव, चिन्टू ठाकुर, शेरू कछवाहा, एके. चिश्ती सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## कोतवाली पुलिस ने पांच स्थानों पर छापा मार कर सटोरियों को पकडा

**दमोह।** अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर सट्टा खिलाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा पर्चियां, डॉट पेन एवं नगदी जब्त कर उनके विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत पांच अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई 6 जून को की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर पांच आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में महेश पटेल (39) निवासी मंगल भवन, बजरिया वार्ड क्रमांक 6, सीमा ठाकुर (37) निवासी धरमपुरा, हसीना अहमद (30) निवासी शोपेनगर, फूलसिंह अहिरवार निवासी बड़ापुरा तथा गुड्डू उर्फ रामगोपाल अहिरवार निवासी बड़ापुरा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 5,020 रुपये की नगदी, पांच सट्टा पर्चियां एवं पांच डॉट पेन जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के साथ प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, प्रधान आरक्षक कलीम खान, प्रधान आरक्षक महेश यादव, आरक्षक नरेंद्र पटेरिया एवं आरक्षक आकाश पाठक की सराहनीय भूमिका रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस प्रयास ने किया श्रमदान



**दमोह।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के प्रमुख पर्यावरणीय संगठन प्रयास ने विवेकानंद नगर स्थित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास परिसर में श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्मरणीय है कि गत वर्ष संस्था ने उक्त परिसर को अपने पर्यावरण प्रोजेक्ट के लिए गोद लिया था तथा उसमें लगभग 100 पौधों का रोपण किया था, जो अब विकास कर परिसर को हरा-भरा कर रहे हैं। इससे पूर्व प्रयास ने नगर के सबसे बड़े उद्यान डायमंड पार्क को लगभग 10 वर्षों में तैयार किया था। वहाँ प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक भ्रमण हेतु जाते हैं। प्रयास के अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल, सचिव प्रमोद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार जैन, संगठक डॉ. एल.सी. जैन और मार्गदर्शक पारस कुमार जैन के नेतृत्व में संस्था के सदस्य डॉ. अनिल चौधरी, डॉ. रमेश कुमार यादव, श्रीमती अंतिम जैन, डीके जैन, संजीव जैन, आर.बी. सिंह, प्रमोद बड़कुल, प्रमेन्द्र जैन, मयंक जैन, बहादुर सिंह ठाकुर, एम.एल जैन, माधोसिंह ठाकुर, महेश गुप्ता प्रमोद पटैल आदि नवागत कलेक्टर के पास पहुँचे और विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

### पुलिस कार्यवाही न होने से आक्रोशित ग्रामवासियों ने किया सड़क पर चक्काजाम, 3 घंटे रहा आवागमन अवरुद्ध...

# जूता पहनकर आटा चक्की पर जाने से हुए विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, घटना के बाद रात में युवक की संदिग्ध मौत

### एसपी एडिशनल एसपी एसडीओपी सहित अनुविभाग के थाना प्रभारी पहुंचे मौके पर, आरोपियों पर किया हत्या का मामला दर्ज, रजपुरा थाना क्षेत्र के बरी गांव की घटना



हटा। अनुविभाग के रजपुरा थाना अंतर्गत बरी कनौरा गांव में शुक्रवार की शाम आटा चक्की पर एक 35 वर्षीय युवक अपनी बेटी के साथ पिसाई कराने जूते पहनकर अंदर पहुंच गया जिससे चक्की मालिक ने गाली-गलौज करते हुए तराजू का बांट मार दिया जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई और दोनों लहू लुहान हो गए घटना उपरांत चक्की संचालक रजपुरा थाने पहुंचा और कुछ देर बाद मृतक भी अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा लेकिन कार्यवाही नहीं होने से मृतक घर वापस आ गया और रात्रि में युवक की मौत हो गई। जिससे आक्रोशित परिजनों व ग्राम के लोगों ने गांव में हटा छतरपुर मुख्य सड़क पर तिरपाल तानकर चक्का जाम कर दिया जिससे करीब 3 घंटे तक मार्ग बाधित रहा। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया, एसडीओपी प्रिया सिंधी हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पुलिस बल के साथ भारी भीड़ में पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी जहां बड़ी मशक्कत के बीच रजपुरा थाना में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया तब कहीं 3 घंटे बाद चक्का जाम खोला गया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रजपुरा थाना के बरी ग्राम में शुक्रवार की शाम 4 बजे मृतक ब्रजेश यादव पिता गनेश यादव उम्र 35 वर्ष अपनी बेटी अंजलि के साथ घर से कुछ ही दूरी पर देवा बंजारा की आटा चक्की पर पिसाई कराने गया था जहां ब्रजेश चप्पल पहनकर आटा चक्की में अंदर चला गया तो देवा बंजारा गंदी गंदी गालियां देने लगा जिससे दोनों के बीच मारपीट हो गई और देवा बंजारा ने तराजू का बांट सिर पर मार दिया जिससे उसकी नाक पर गहरी चोट आ गई वहीं मृतक द्वारा भी चक्की संचालक पर पत्थरों से मारपीट की गई जिससे वह भी लहू लुहान हो गया। घटना उपरांत चक्की संचालक देवा बंजारा लहुलुहान हालत में रजपुरा थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा जहां रजपुरा पुलिस द्वारा मृतक बृजेश के विरुद्ध धारा 323, 294, 506 के तहत



मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद मृतक भी रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा लेकिन रजपुरा पुलिस ने मृतक को थाने में बैठा लिया। इसके बाद मृतक के परिजन थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी ने समझाइश देकर छोड़ दिया।

मृतक के पिता ने बताया कि रजपुरा थाना से वापिस आने की कुछ देर बाद आटा चक्की चालक देवा व रज्जो बंजारा सहित आठ दस लोग घर पर आये और ब्रजेश के साथ मारपीट की जिससे रात्रि में बृजेश की मौत हो गई।

### ग्राम वासियों ने किया चक्का जाम

बृजेश की मौत के बाद गांव में मातम छा गया जिससे आक्रोशित ग्रामवासियों ने पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने पर शनिवार की दोपहर हटा छतरपुर मार्ग पर गांव की सैकड़ो महिलाओं व पुरुषों ने तिरपाल तानकर सड़क जाम कर दिया जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब तीन घंटे तक सड़क मार्ग अवरुद्ध रहा। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी, हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी, बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला, मगरोन थाना प्रभारी पटेल मैं पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया लेकिन परिजनों के साथ भारी संख्या में ग्रामवासी व यादव समाज के लोग घटनास्थल पर मौजूद थे जो तुरंत ही आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग कर रहे थे। जहां एसडीओ की प्रिया सिंधी के साथ हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी की समझाइश पर मृतक के परिजनों को रजपुरा थाना ले जाया गया जहां मृतक की बेटी व पत्नी के कथनों के आधार पर आरोपी देवा बंजारा एवं उसके बेटे पप्पू बंजारा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 28/ 26 धारा 303 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### पुलिस अधीक्षक पहुंचे मौके पर

बृजेश की मौत की घटना से आकोर्षित लोगों द्वारा किए गए चक्का जाम को लेकर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया ने रजपुरा पुलिस थाना पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली और कहा कि शव पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जावेगी और घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बक्सा नहीं जावेगा।

## काठमांडू में इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन प्रतियोगिता में अभिषेक ने जीता कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

नगर जबेरा से सटे हुए नजदीकी छोटे से ग्राम पारना के होनहार खिलाड़ी अभिषेक प्रधान, पिता राजेश प्रधान, ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने ग्राम अपने प्रदेश के साथ अपने देश भारत का गौरव बढ़ाया है। विगत दिनों नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे फेडरेशन की अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर के अभिषेक प्रधान ने कांस्य पदक हासिल कर के न केवल दमोह जिले बल्कि पूरे मध्यप्रदेश और भारत का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि अभाव एवं सीमित संसाधनों के बावजूद अभिषेक ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से ग्राम पारना सहित पूरे जबेरा विधान सभा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अभिषेक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अभिषेक की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। "ग्राम पारना के लाल अभिषेक प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे जिले को गर्व है।

## अवैध रेत उत्खनन करते बिना नम्बर के ट्रेक्टर ट्राली को जप्त

दमोह।k

जिले मे कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कार्रवाई लगातार जारी है। आज तहसील दमोह अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम रामगढ़ रेत घाट से बिना नम्बर के आयशर ट्रेक्टर ट्राली को रेत के अवैध उत्खनन मे संलग्न होने से रामगढ़ रेत घाट ब्यारमा नदी से जप्त कर पुलिस चौकी ईमलिया में खडा किया जाकर सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया उक्त प्रकरण मे खनिज नियमों के तहत कारवाई प्रस्तावित कर प्रकरण कलेक्टर के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा । जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

**आम सूचना**

शपथकर्ता राखी विश्वकर्मा बेवा महेश विश्वकर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 1 पटेरा तहसील पटेरा जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक सहित अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम राखी विश्वकर्मा दर्ज है। जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड के रिकार्ड में मेरा नाम सहोद्रा बाई दर्ज है। यह कि राखी विश्वकर्मा उर्फ सहोद्रा बाई उक्त दो नामों की मै एक ही महिला हूं एवं मुझे राखी विश्वकर्मा एवं सहोद्रा बाई दोना ही नामों से जाना पहचाना जाता है।

शपथकर्ता